समाचार

# घंटाघर में आयोजित हुआ प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन

## (छात्र–छात्राओं ने निभाई महती भूमिका, आयुक्त श्री राहुल देव ने कैम्पेन में पहुंचकर किया उत्साहवर्धन)




कोरबा 21 सितम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक फ्री कोरबा अभियान के तहत आज घंटाघर कोरबा में कैम्पेन चलाया गया, नुक्कड़ नाटक, रैली, मानव श्रृंखला एवं पेंटिंग कर छात्र–छात्राओं ने आमजन को प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं कोरबा को प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने का संदेश दिया। आयुक्त श्री राहुल देव ने कैम्पेन में पहुंचकर छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा इस महाअभियान में उनकी सहभागिता की सराहना की।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा शहर को प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने एवं इसके प्रति व्यापक जनजागरूकता लाने की दिशा में विगत एक माह से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इस महाअभियान में स्कूल, कालेज के छात्र–छात्राओं की महती सहभागिता के साथ–साथ नगर के विभिन्न व्यवसायिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों, महिला स्वसहायता समूहों के साथ सभी की सहभागिता प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में एम.एल.सी.कम्प्यूटर कालेज कोरबा, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा के छात्र–छात्राओं, श्री पार्थ फाउण्डेशन के दिव्यांगजन बच्चों तथा जे.सी.आई.कोरबा सेंट्रल की जेसीरेट विग के सदस्यों ने प्लास्टिक फ्री कोरबा

एवं स्वच्छता की थीम पर घंटाघर, स्मृति उद्यान एवं सियान सदन परिसर में कैम्पेन चलाया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, रैली, मानव श्रृंखला एवं पेंटिंग कर प्लास्टिक फ्री कोरबा का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया।

<u>छात्र–छात्राओं की महत्वपूर्ण सहभागिता</u>– इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने कैम्पेन में पहुंचकर छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि निश्चित रूप से इस महाअभियान में स्कूल, कालेजों के छात्र–छात्राओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है, आज कैम्पेन में यह देखने को मिला कि बच्चों में प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने के संबंध में काफी उत्साह है तथा काफी संख्या में बच्चे यहां पर पहुंचकर अपनी सहभागिता दे रहे हैं, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूॅं। उन्होने कहा कि प्लास्टिक मानव स्वास्थ एवं पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है, सैकड़ों साल तक प्लास्टिक नष्ट नहीं होता है, इसका समुचित समापन एक बड़ी समस्या है, हम सभी को प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को पूर्ण रूप से बंद करना होगा, इसमें सभी का सहयोग अत्यंत जरूरी है।

<u>नुक्कड़ नाटक का हुआ मंचन</u>– कैम्पेन के प्रारंभ में एम.एल.सी.कम्प्यूटर कालेज के छात्र–छात्राओं ने प्लास्टिक फ्री कोरबा की थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया तथा नाट्कीय शैली में लोगों को यह संदेश दिया की प्लास्टिक मनुष्य के स्वास्थ, पर्यावरण संरक्षण, साफ–सफाई व्यवस्था के लिए अत्यंत घातक है। देश को बचाना है–प्लास्टिक को हटाना है, हम सबने ठाना है, कोरबा प्लास्टिक फ्री बनाना है, के नारों के बीच नुक्कड़ नाटक का मंचन करते हुए प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश लोगों को दिया।

<u>बनाई मानव श्रृंखला एवं निकाली रैली </u>– प्लास्टिक फ्री कोरबा के लिए चलाए गए आज के कैम्पेन के दौरान एम.एल.सी.कम्प्यूटर कालेज एवं अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं मानव श्रृंखला बनाई तथा रैली निकाल कर लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 एवं स्वच्छता के विषय में भी लोगों को जागरूक किया गया।

<u>दीवालों पर बनाई पेंटिंग</u>– कैम्पेन के दौरान अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने सियान सदन परिसर स्थित दीवाल पर प्लास्टिक फ्री कोरबा, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेंटिग्स बनाई, वहीं पार्थ फाउण्डेशन के दिव्यांगजन बच्चों ने भी उक्त दीवाल पर पेंटिंग कर लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। जे.सी.आई.कोरबा सेंट्रल की जेसीरेट विग ने स्मृति उद्यान की दीवाल पर पेंटिंग्स कर प्लास्टिक फ्री कोरबा के संकल्प को दोहराया।

आज चलाए गए कैम्पेन के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, एम.एल.सी. कम्प्यूटर कालेज की संचालिका साधना शर्मा एवं भूपेन्द्र कुमार शर्मा, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य वाई.के. सिंह, प्राध्यापक कविता तिवारी एवं डॉ.एस.के. कहार, जेसीरेट कोआडिनेटर सुरेश चावलानी, प्रेसीडेंट कविता सोनी, पार्थ फाउण्डेशन की श्रीमती साहू, जेसीरेट पिंकी सिंघल, ज्योति मिश्रा, भव्या सिंगल, परी मिश्रा, उत्कर्ष अग्रवाल, दीपान सोनी, सुनील वर्मा , सुनील द्विवेदी, राजकुमार सिंह, रवि गुप्ता, अविरल शर्मा के साथ निगम की स्वच्छ कोरबा स्क्वाड के सदस्यगण एवं काफी संख्या में छात्र–छात्राओं ने अपनी महती सहभागिता दी। ?